बनवा दो मकान शेरोवाली | By Sunil Sarvottam |

मैया जी मेरो एक सुंदर सो मकान
बनवाए द्यो शेरोवाली
बनवाए द्यो शेरोवाली
बनवाए द्यो मेहरोवाली
मैया जी मेरो एक सुंदर सो मकान
बनवाए द्यो शेरोवाली

उस घर के एक कमरे में
बस तेरा ही मंदिर हो
उस मंदिर में तू बिराजे
हर पल तेरा दर्शन हो
मैया जी मुझे ऐसा दो वरदान
ओ मैया शेरोवाली
मैया जी मेरो एक सुंदर सो मकान
बनवाए द्यो शेरोवाली

ना चाहूँ बंगला कोठी
ना चाहूँ महल खजाने
वही रोजगार चल जाए
कुछ ऐसी बात बना दे
हो वा में खुल जाए एक दुकान
ओ मैया शेरोवाली
मैया जी मेरो एक सुंदर सो मकान
बनवाए द्यो शेरोवाली

उस घर में सभी सुखी हो
ना कोई भी दुख आए
उस घर में जो भी आए
कभी खाली हाथ ना जाए
मैया जी मेरो रखियो इतनो मान
ओ मैया शेरोवाली

मैया जी मेरो एक सुंदर सो मकान
बनवाए द्यो शेरोवाली
बनवाए द्यो शेरोवाली
बनवाए द्यो मेहरोवाली
मैया जी मेरो एक सुंदर सो मकान
बनवाए द्यो शेरोवाली

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%b5%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%8b-%e0%a4%ae%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%b6%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-by-sunil-sarvottam/